डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 105 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 28 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

पंचायत सचिव को चार साल की सजा

रतलाम, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। लोकायुक्त के एक मामले में दो दिन पहले मंदसौर जिले के पटवारी को कोर्ट ने चार साल की सजा सुनाई। इधर रतलाम में रिश्वत के मामले में आरोपी पंचायत सचिव को चार साल की सजा सुनाई गई है। कृषि भूमि पर नंदन फलोउद्यान (मनरेगा) के तहत फलों का बगीचा लगाने के लिए रिश्वत मांगने वाले पिपलौदा जनपद की ग्राम पंचायत कमलाखेड़ा के सचिव जगदीश पांचाल को कोर्ट ने दोषी माना है। कोर्ट ने 4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए जैल भेज दिया है। साथ ही 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। फैसला विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) विशेष न्यायाधीश आदित्य रावत की कोर्ट ने दिया है।

प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी गोल्डन राय ने बताया कि 23 जुलाई 2021 को शंकरलाल मालवीय निवासी सुखेड़ा ने लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में शिकायत की थी। मालवीय की कृषि भूमि सर्वे नंबर 2335 ग्राम सूखेड़ा तहसील पिपलौदा जिला रतलाम में स्थित है। इस भूमि में से एक बीघा में नंदन फलोउद्यान (मनरेगा) के तहत जामफल और नींबू का बगीचा लगाना चाहते थे। आवेदन पिपलौदा जनपद के ग्राम पंचायत सुखेड़ा के सचिव जगदीश पांचाल को 8-10 माह पहले दिया था। सचिव ने आवेदन सीईओ जनपद पंचायत पिपलौदा को नहीं भेजा और अपने पास रख लिया। आवेदन आगे भेजने के लिए पांचाल ने 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी।

आरोपी सचिव ने पहले 3 हजार रुपए ले लिए और शेष 2 हजार रुपए के लिए दो-तीन दिन बाद बुलाया। लोकायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से 26 जुलाई 2021 को शंकरलाल मालवीय को रुपए देकर भेजा। पिपलौदा स्थित सचिव के निजी कार्यालय में मालवीय ने 2 हजार रुपए दिए। वहां पहले से मौजूद लोकायुक्त इंस्पेक्टर रबीन्द्र पाराशर की टीम ने सचिव को ट्रैप कर लिया। जांच में पाया गया कि आरोपी को दिए गए नोटों के नंबर वही थे जो लोकायुक्त कार्यालय में फिनाफ्थीलीन पाउडर लगाकर दिए गए थे। जब आरोपी के हाथों को सोडियम कार्बोनेट पाउडर के घोल में धोया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया।

विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन ने 28 जून 2022 को विशेष न्यायालय रतलाम में आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने ग्राम पंचायत सुखेड़ा के तत्कालीन सचिव जगदीश पांचाल को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 में दोषी पाया। उन्हें 4 साल का सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए का अर्थदंड दिया गया। शासन की ओर से मामले में पैरवी विशेष लोक अभियोजक कृष्णकांत चौहान ने की।

तीस लाख रुपए बर्बाद

अब 55 लाख रुपए से बन रहे पोर्टेबल यूरिनल

स्वच्छता की रेस में अव्वल आने की तैयारी

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। स्वच्छता सर्वेक्षण परीक्षा में अव्वल आने के लिए नगरपालिका हर संभव प्रयास कर रही है। आर्थिक कमी भी इसमें रोडा नहीं बन रही। लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि पूर्व में लगाए संसाधनों का उपयोग नहीं हो पा रहा। उसका सुधार करने की बजाय स्वच्छता परीक्षण टीम के लिए नए संसाधनों को स्थापित किया जा रहा है। बता दे कि 6 साल पहले नपा ने 30 लाख रुपए से शहर में फाइबर के 30 पोर्टेबल यूरिनल लगाए थे, वर्तमान में इनकी हालत खस्ता हो चुकी है। कई का उपयोग नहीं हो पा रहा है। अब नपा 55 लाख रुपए से शहर में 28 प्रमुख स्थानों पर यूरिनल का निर्माण करने जा रही है। हालांकि, इस बार अधिकारियों का दावा है कि पक्का व मजबूत निर्माण होने से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही इसका उपयोग लंबे समय तक किया जा सकेगा।

वर्ष 2018 में नपा ने शहर के लिए 30 लाख रुपए की लागत से 30 फाइबर पोर्टेबल यूरिनल खरीदे थे। शॉक पिट सोख्ते गड्ढे पर लगने वाले यूरिनल में स्टेनलेस स्टील का यूरिन पॉट व हाथ धोने के लिए बेसिन भी बनाए गए थे। यूरिनल के उपर ही पानी की टंकी की भी व्यवस्था थी। लेकिन रखरखाव के अभाव और अनदेखी के चलते यूरिनल जीर्ण-शीर्ण हो गए। अब स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नपा द्वारा शहर के चिन्हित 28 स्थानों पर यूरिनल का निर्माण किया जा रहा है। जिनका काम चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक तरणताल के सामने, बालागंज, गुप्ता चौराहा, सब्जी मंडी सम्राट मार्केट, जैन मंदिर नयापुरा रोड, गोल चौराहा, बीपीएल चौराहा, तेलिया तालाब (दूसरा गेट), कॉलेज ग्राउंड में अंदर व बाहर, दया मंदिर रोड, कंबल केंद्र के पीछे बीमा हॉस्पिटल रोड, होटल सिटी क्राउन के पास, पुलिस पेट्रोल पंप के सामने, नाहटा चौराहा, वार्ड क्रमांक 6 में भरत प्लाजा के सामने, हाउसिंग कॉलोनी, श्री कोल्ड चौराहा, मंडी गेट, घंटाघर पर शहर कोतवाली के पीछे व पोस्ट ऑफिस कॉर्नर पर, शुक्ला चौक, राम मोहल्ला (सिंधु महल के पास), धानमंडी लक्कड़पीठा सहित अन्य स्थानों पर यूरिनल बनाए जा रहे हैं। जिसका काम 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

इनका कहना...

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहर में यूरिनल बनाए जा रहे हैं। इससे लोगों को सुविधा तो मिलेगी, वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण में भी इसका फायदा मिलेगा। अभी तक 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

हेमचंद शर्मा, नपा स्वास्थ्य अधिकारी, मंदसौर

इस बार महिलाओं का रखेंगे विशेष ध्यान...

शहर में पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी यूरिनल के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाजार में ग्राहकी के दौरान यह परेशानी अधिक बढ़ जाती है। विभाग के अनुसार क्षेत्र के हिसाब से महिला व पुरुषों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए यूरिनल का निर्माण किया जाएगा। कुछ स्थानों पर 4 मेल व 4 फीमेल तो अन्य स्थानों पर जरूरत के अनुसार यूरिनल के निर्माण किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि एक साथ बड़े स्तर पर यूरिनल का निर्माण कार्य शहर में संभवत: पहली बार किया जा रहा है।

हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

प्रशस्ति पत्र में रह गई गलती, मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों से बंटवा दिए

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। देश भर में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। पूर्ण हर्षोल्लास के साथ समारोह के आयोजन हुए। लेकिन, मंदसौर में शायद पिछले साल 2024 का गणतंत्र दिवस मनाया गया। यह बात कह रहा है प्रशस्ती पत्र। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस वालों को कलेक्टर व पुलिस कप्तान के हाथों प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानीत गया किया। लेकिन उस प्रशस्ती पत्र में तारीख तो सही लिखी थी। लेकिन प्रमाण पत्र के अनुसार उन्हें 75वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानीत किया गया। खैर जो भी हो यह एक बड़ी लापरवाही या गलती नजर आ रही है।

गणतंत्र दिवस पर कॉलेज ग्राउंड पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति थी। यहां कार्यक्रम के बाद पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानीत भी किया गया। उन्हें कलेक्टर-पुलिस कप्तान ने प्रशस्ती पत्र दिए। लेकिन, प्रशस्ती पत्र मंदसौर की प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े कर रहा है। रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कई उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को जो प्रशस्ती पत्र दिया गया, उसमें लिखा गया कि 75वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानीत किया जा रहा है। जबकि, तारीख 26 जनवरी 2025 सही लिखी गई थी। इस प्रशस्ती पत्र को न सिर्फ कलेक्टर-एसपी के हाथों दिलवाया गया। बल्कि उस प्रमाण पत्र पर कलेक्टर के हस्ताक्षर भी थे।

84 पुलिस वाले सम्मानीत...

गणतंत्र दिवस पर अपने दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन करने वाले जिले के कुल 84 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। 24 पुलिस

अधिकारी/कर्मचारी को कलेक्टर मंदसौर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में तथा 60 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में सम्मानीत किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंदसौर जिले के थाना/चौकी एवं कार्यालयों के कुल 84 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन करने पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

सोशल मीडिया से मामला हुआ हाईलाइट...

जिन अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानीत किया गया। उनके लिए यह एक बड़ा सम्मान है। यहीं कारण हैकि अपनी खुशी जाहिर करते हुए कई सम्मानीत कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपना प्रमाण पत्र अलग से शेयर किया। वहीं अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए फोटो भी पोस्ट की। प्रमाण पत्र में की गई गलती सोशल मीडिया से ज्यादा हाईलाईट हो गई। जो एक चर्चा का विषय बनी।

पुलिस कालोनी की जमीन पर एप्रोच रोड को लेकर विधायक ने उठाई आवाज, कलेक्टर को लिखा पत्र, कहा-

तालाब को भरने वाली नहर को समाप्त कर रोड बनाना षड़यंत्र का हिस्सा

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मेडिकल कॉलेज के पिछे बगैर अनुमति बन रहे एप्रोच रोड के मामले को लेकर विधायक विपीन जैन ने आवाज उठाई है। इसको लेकर विधायक विपिन जैन द्वारा कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग को पत्र लिखकर तैलिया तालाब की सर्वे नं. 33 पर बनी कैनाल के साथ छेड़छाड़ करने के दोषियों पर एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही है। विधायक श्री जैन ने कहा कि नहर को समाप्त कर एप्रोच रोड बनाना एक षडयंत्र का हिस्सा है। इससे आने वाले समय मे मंदसौर मे भीषण पेयजल संकट की स्थिती से इंकार नही किया जा सकता है।

बता दें कि विधायक जैन भूमाफियाओं द्वारा येनकेन प्रकारेण तेलिया तालाब को खत्म करने की साजिश को खिलाफ गंभीर है तथा उन्होंने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा कि मंदसौर में आम जनता के पेयजल रिचार्ज का एकमात्र स्त्रोत तैलिया तालाब को बरसात के पानी से भरने का मुख्य स्त्रोत नहर ही है। बुगलिया डायवर्शन योजना के तहत बनी कैनाल जो मंदसौर राजस्व के रिकार्ड मे सर्वे नं 33 में स्थित है, जो जल संसाधन विभाग के नाम से शासकीय रिकार्ड मे इंद्राज है। इस कैनाल को समाप्त करके विगत दिनों रातों रात एक सड़क का निर्माण कर दिया गया है। जिसे जनहित मे तत्काल हटाया जाना उचित होगा। मंदसौर मे पेयजल का संकट बना रहता है और तैलिया तालाब पूरे शहर के पेयजल रिचार्ज का एकमात्र साधन है। तैलिया तालाब के जल से आस पास के पूरे इलाके के कुओं, ट्यूबवेल मे पानी की भरपूरता बनी रहती है। वर्ष 2004 में जिला योजना समिती की बैठक मे इस तालाब को भरने वाले नहर नाले को जिला प्रशासन ने पूरी टीम लगाकर चिन्हित किया था। उसके बाद से लगातार जिला प्रशासन की उपेक्षा के चलते मंदसौर के तैलिया तालाब को भरने वाले सभी प्रमुख नहर, नाले एक- एक करके समाप्त किये जा रहे है। हाल ही मे प्रमुख केनाल पर षडयंत्र पूर्वक कुछ लोगो को फायदा पहुंचाने के लिए सड़क बना दी गई है जो बेहद निंदनीय कृत्य है।

श्री जैन ने कहा कि मंदसौर में मेडिकल कॉलेज के लिए एप्रोच रोड की भी आवश्यकता है, जो महू नीमच हाईवे पर दोनो साइड बनाई जाना चाहिए, ताकि आम जन को राहत मिल सके। नहर को समाप्त कर एप्रोच रोड बनाना एक षडयंत्र का हिस्सा है। इससे आने वाले समय मे मंदसौर मे भीषण पेयजल संकट की स्थिती से इंकार नही किया जा सकता है। प्रश्न यह है कि जब जल संसाधन विभाग की कैनाल को खुर्द बुर्द कर सड़क निर्माण किया गया तो विधि सम्मत प्रकियाओं का पालन भी नही किया गया है। विधायक श्री जैन ने कहा कि इस समूचे मामले में कलेक्टर तत्काल जांच करवा कर इस षडयंत्र मे शामिल दोषियों पर एफआईआर दर्ज करवाए। ताकि भविष्य मे इस तरह के कृत्य न हो सके। साथ ही तैलिया तालाब को पानी से भरने वाले सारे नाले, कैनाल नहर को संरक्षित कर उनका सीमांकन करवा कर अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश प्रदान करे। तैलिया तालाब मंदसौर की अमूल्य धरोहर है इसका संरक्षण लोकहित व राष्ट्रहित मे जरूरी है।

समिति प्रबंधक पिता और नगर निगम अकाउंटेंट बेटे के घर ईओडब्ल्यू का छापा

रतलाम-धार में 2 मकान, 7 प्लॉट, 2 बस और पेट्रोल पंप समेत 4 करोड़ की संपत्ति मिली

रतलाम, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इंदौर की टीम ने सोमवार सुबह करीब 4 बजे धार और रतलाम में छापे मारे। धार में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक नंदकिशोर सोलंकी और रतलाम में उनके बेटे व नगर निगम के अकाउंट ऑफिसर विकास सोलंकी के ठिकानों पर रेड की गई। ईओडब्ल्यू के एसपी रामेश्वर सिंह यादव ने बताया कि 40 हजार रुपए मासिक वेतन पाने वाले नंदकिशोर सोलंकी के पास लगभग 4 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति मिली है। सोलंकी की 28 साल की नौकरी में कुल वैध आय लगभग 50 लाख रुपए होनी चाहिए। लेकिन, उनके पास इससे कई गुना अधिक संपत्ति है। सोलंकी के स्वामित्व में दो मकान, सात प्लॉट, सात गाड़ियां, दो बसें और एक निर्माणाधीन पेट्रोल पंप की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा इंदौर में दो प्लॉट भी उनके नाम पर हैं।

पत्नी जिला पंचायत में अकाउंट ऑफिसर...

इंदौर से अफसरों की दो अलग-अलग टीम रतलाम में विकास सोलंकी के ग्लोबस कॉलोनी स्थित घर और धार स्थित रिंगनोद गांव में पिता नंदकिशोर सोलंकी के घर पहुंची थी। विकास सोलंकी की पत्नी प्रीति डेहरिया जिला पंचायत में अकाउंट ऑफिसर के पद पर हैं। पैतृक घर पर मां, बड़े भाई और भाभी रहती हैं।

पहले भी विवादों में रहे हैं सोलंकी...

विकास सोलंकी पहले भी विवादों में रहे हैं। 07 महीने पहले उज्जैन लोकायुक्त ने सोलंकी समेत 36 आरोपियों के खिलाफ राजीव गांधी सिविक सेंटर के प्लॉट्स बेचने के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सिविक सेंटर की करोड़ों की जमीन को कम दामों में बेचने का आरोप था। मामला दर्ज होने के बाद सोलंकी को नगर निगम में डिप्टी कमिश्नर पद से निलंबित कर दिया गया था। विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई के बाद उनका निलंबन खत्म करके उन्हें अकाउंट ऑफिसर बनाया गया था।

एमआईसी को बताए बिना बेचे थे खाली प्लॉट...

07 और 09 मार्च को रतलाम नगर निगम के सम्मेलन में पार्षदों ने सिविक सेंटर के प्लॉट्स अवैध रूप से बेचे जाने की शिकायत की थी। कहा था कि मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) के संज्ञान में लाए बगैर खाली प्लॉट्स की रजिस्ट्री कराई गई है। 11 जून को लोकायुक्त ने निगम के तत्कालीन आयुक्त एपीएस गहरवाल, उपायुक्त विकास सोलंकी, उप पंजीयक रतलाम प्रसन्न गुप्ता समेत जमीन खरीदने-बेचने वाले 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लोकायुक्त की एक टीम रतलाम आकर मामले से जुड़े दस्तावेज भी ले गई थी। इसके बाद निगम आयुक्त गहरवाल को निलंबित कर दिया गया था। उपायुक्त सोलंकी को भी हटा दिया गया था। लोकायुक्त ने माना था कि रतलाम नगर निगम के अधिकारियों द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर जमीनों की रजिस्ट्री कराई गई। शासन को धोखे में रखकर आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

टीबी मुक्त अभियान में मंदसौर का प्रदेश में पहला स्थान

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंदसौर जिले ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी को भोपाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. शालिनी सिराना द्वारा सम्मानित किया गया। बीते साल 07 दिसंबर से शुरू हुए इस अभियान में पिछले 50 दिनों में मंदसौर जिले में 700 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 28 हजार लोगों के एक्स-रे और 8 हजार लोगो के बलगम की जांच की गई, जिससे 221 नए टीबी मरीजों की पहचान की गई। सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

बताया गया है कि सरकार की ओर से टीबी मरीजों को 1 हजार रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, जिले के 1 हजार 300 निक्षय मित्रों ने मरीजों को पोषण सहायता के रूप में 1 हजार फूड बकेट वितरित किए हैं। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता, महिला व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी के संभावित मरीजों की पहचान कर रहे हैं। यह अभियान 24 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य मंदसौर जिले को टीबी मुक्त बनाना है।

छात्रों ने छात्र के साथ की मारपीट

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। स्कूली छात्रों कें बीच मारपीट का मामला सोमवार को शहर थाना कोतवाली पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार अभिनन्दन नगर में रहने वाले छात्र जो की एनएस सिंघवी स्कुल में क़क्षा 9वी में पढता हैं, वह स्कुल के पास बहन से बात कर रहा था। तभी वहा 3 छात्र आते हैं और उससे कहते हैं की तु भी इन कामों में पड़ गया। जिस पर आवेदक नाबालिग छात्र ने कहा की क्या हुआ। यह बात सुनते ही उन छात्रों ने नाबालिग आवेदक के साथ मारपीट की।

मारपीट करने के बाद वे छात्र चले गए, नाबालिग आवेदक ने अपने परिजनों क़ो इस मारपीट की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे और स्कूल के प्रिंसिपल से बात की। लेकिन, स्कूल के प्रिंसिपल ने उन्हें मारपीट करने वाले छात्र से मिलने से मना कर दिया। स्कूल के स्टॉफ ने मारपीट करने वाले छात्रों से बात की और उन्हें वहां से क्लास में भेज दिया और शिकायतकर्ता छात्र व उसके परिजनों क़ो यह कहकर वापस घर भेज दिया की तुम मामला छोड दो। क्यूंकि उन लोगो का तुम कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिसके बाद छात्र अपने परिजनों कें साथ थाने पहुंचा और शिकायती आवेदन दिया। पीड़ित व मारपीट करने वाले सभी नाबालिग हैं।

यूएसए के एक धर्माधिकारी संत की हिम्मत दुनिया में मानवियता की मिसाल बनी...

मंदसौर/उज्जैन, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में भारतीय संतों की तरह बिशप मेरियन एडगढ़बर्ग का संबोधन भी हुआ। जिसे दुनिया भर में सराहा जा रहा है। उनका संबोधन बौद्धिक तथा धार्मिक संतों में तो उदाहरण की नजीर पेश कर गया। इसी कार्यक्रम में बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के परिवार के अलावा अमेरिकी सरकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख शासकीय और राष्ट्रीय पदाधिकारी अत्यंत विशिष्टगण उपस्थित थे। ऐसे ताकतवरों के सामने बिशप मरीयन का विनय और हिदायत भरा उद्बोधन सुनने वालों को अंदर तक झकझोर गया है।

अपने संबोधन में बिशप मेरियन ने अमेरिका में रह रहे विदेशी नागरिकों का परोक्ष पक्ष लेते हुए उन्हें बेहतर और पड़ोसी नागरिक तथा यूएसए के लिए बेहतर बताया। यहां तक कहा की फैक्ट्री में, होटल में, हॉस्पिटलों में, सड़कों पर छोटे काम करने वाले और टैक्स देने वाले नागरिक हैं। उनके यहां पर रहने के लिए उनके पास यहां के सारे दस्तावेजों में कमी भी होगी, पर वह हमारी तरह ही परमेश्वर के बंदे हैं। इनमें समलैंगिक, लेस्बियन और किन्नर वर्ग के नागरिक भी दया के पात्र हैं। आपको सभी पर रहम करना चाहिए।

चन्द्रमोहन भगत

आपके राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ऐसे सभी नागरिकों में डर का वातावरण बना हुआ है। अमेरिकी बिशप का यह कहते हुए वीडियो भी विश्व भर में देखा सुना जा रहा है। इसके बाद भारतीय लोकतंत्र में पहली केंद्रीय सरकार है, जिसके कारण एक वर्ग में डर और समाज में असुरक्षा का वातावरण बढ़ता ही जा रहा है। अमीर और अमीर, गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। पर देश के बहुचर्चित समाज में सम्मान पाने वाले संतों में से किसी की भी हिम्मत नहीं है कि सरकार के मुखिया के सामने कुछ बोल पाए! सामने तो क्या पीठ पीछे भी बोलने की हिम्मत नहीं कर सकते हैं। क्योंकि, उनके धार्मिक और सामाजिक कामों में सरकारी मदद अपेक्षित रहती है।

तब स्वाभिक ही होगा कि सत्ताधीश के विरोध में बोलकर अपना नुकसान तो नहीं करवाएंगे! ऐसा कहा जा सकता है कि वर्तमान में देश की राजनीति में जयप्रकाश नारायण जैसा नेता और ना ही चाणक्य जैसा कोई विद्वान है जो निर्भीक होकर सत्ताधीश के खिलाफ खड़ा हो जाए? लोकतांत्रिक तरीके से सरकार बनाने के तरीके भी बदले गए, पहले मोहर लगा मतदाता सरकार बनवाते थे। अब मशीन का बटन दबाकर प्रत्याशी चुन लिया जाता है। नतीजे में मशीनों में गड़बड़ी के आरोप, प्रत्यारोप लगातार जारी है। किसी भी तरह से कोई भी सत्ता पर बैठे, जब सत्ताधीस बन गया तब उसे देश को शांतिपूर्ण तरीके से प्रगतिशील योजनाओं के साथ देश को प्रगति की ओर बढ़ाना चाहिए। ना कि अनीति, भेदभाव कर सांप्रदायिक शासक बनना चाहिए। ऐसे शासक को सार्वजनिक मंच पर सबके सामने हिदायत देने की हिम्मत आध्यात्मिक देश कहलाने वाले भारत देश में कोई धर्मगुरु, दरवेश, उपदेशक हिम्मत कर सकता है!

विचार-मंथन

हादसों की पटरी पर दौड़ती भारतीय रेल...

भारतीय रेल से सफर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता से लैस बनाने के दावों और वादों के बीच हकीकत यह है कि आए दिन हादसे सामने आते रहते हैं। हर दुर्घटना के बाद जांच, राहत और मुआवजे की घोषणा की बात कुछ समय बाद आई-गई हो जाती है और फिर कुछ दिन बाद कोई नई दुर्घटना की खबर आ जाती है। आखिर यह कब सुनिश्चित होगा कि यात्रियों के लिए रेल से सफर करना सुगम और सुरक्षित है? गौरतलब है कि महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार को पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने के शोर के बाद यात्रियों के बीच ऐसी बदहवासी फैली कि जान बचाने की कोशिश में कई लोग उस ट्रेन से बाहर कूद गए और घबराहट में पटरी पर इधर-उधर भागने लगे। इस बीच बगल की पटरी पर तेज रफ्तार से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आकर तेरह लोगों की जान चली गई। इससे संबंधित जो ब्योरे सामने आ सके हैं, उसके मुताबिक यह घटना किसी व्यक्ति के अफवाह उड़ाने से मची घबराहट का नतीजा है, लेकिन इतना साफ है कि अचानक उपजी अव्यवस्था से निपटने के लिए भारतीय रेल के पास शायद कोई तंत्र नहीं है। यह विडंबना ही है कि कभी किसी तकनीकी गड़बड़ी तो कभी किसी कर्मचारी की लापरवाही या फिर चूक की वजह से ट्रेन हादसे और उनमें जानमाल के नुकसान का एक सिलसिला-सा बन गया है। इसके अलावा, अब किसी अफवाह की वजह से भी ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि उसमें बेहद तकलीफदेह तरीके से उन लोगों की जान चली जा सकती है, जिन्होंने अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए ट्रेन से सफर करना चुना होगा। वजहें अलग-अलग हो सकती हैं, मगर आए दिन होने वाले ऐसे हादसे यह बताते हैं कि ट्रेनों से यात्रा करना किस तरह असुरक्षित हो गया है। अगर ताजा हादसे का कारण आग लगने की अफवाह है, तो भी चलती ट्रेन में अचानक उपजी स्थिति से निपटने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए आखिर रेलवे के पास कौन-सा तंत्र है? ताजा घटना से यही साफ हुआ है कि अगर किसी अफवाह से स्थिति बिगड़ी तो उस पर तुरंत प्रतिक्रिया देने वाली रेलवे की कोई टीम नहीं थी। कहने को हर स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही जाती है, लेकिन किसी हादसे के बाद रेल महकमे का यह आश्वासन एक तरह से उन दावों को आईना दिखाता है। पिछले कुछ समय से ट्रेन हादसों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। अफसोसनाक यह है कि हादसों के सिलसिले के बावजूद इसकी जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता। एक वक्त था जब एक रेल दुर्घटना के बाद रेलमंत्री ने इस्तीफा दे दिया था। मगर आज नैतिकता की कसौटी पर इस तरह का उदाहरण मिलना मुश्किल हो गया है कि बड़े ट्रेन हादसों के बाद भी महकमे के संबंधित अधिकारी या मंत्री किसी भी रूप में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें। दुर्घटना के बाद औपचारिकता पूरी करने के लिए जांच की घोषणाओं के नतीजे क्या आते हैं और उसके बाद कार्रवाई क्या होती है, इसके बारे में आम लोगों को शायद ही कभी पता चल पाता है। रेल महकमे में खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों को लेकर कोई संजीदगी नहीं दिखती। इसके समांतर ट्रेनों के सफर को ज्यादा से ज्यादा सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के नाम पर यात्रियों से किस-किस मद में टिकट के तौर पर पैसे वसूले जाते हैं, यह छिपा नहीं है। मगर आए दिन होने वाले हादसे यह बताते हैं कि रेल महकमे के भीतर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अपेक्षित चिंता नहीं दिखती है।

पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने बताया कि महाविद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी एवं प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने तिरंगा ध्वज फहराकर झंडा वंदन किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एनसीसी व एनएसएस प्लाटून का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एन.एस.एस. व एन.सी.सी. प्लाटून ने मार्च पास्ट कर समस्त अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

संस्था प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ था। उन्होंने महाविद्यालय में इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ बौद्धिक व अकादमिक उन्नति की भी बात कहीं। समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने सभी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत के संविधान को लागू करने की याद में मनाया जाता है, जो देश के नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करता है। गणतंत्र दिवस देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गीत व भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एनसीसी व एनएसएस प्लाटून को उत्कृष्ट परेड हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक जालोया समेत

महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.वी.पी. तिवारी, डॉ. डी.सी. गुप्ता समेत महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। वहीं जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में एन.सी.सी. बॉयज व गर्ल्स तथा एन.एस.एस. प्लाटून ने भाग लिया और सीनियर वर्ग परेड में एनसीसी बॉयज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता को सी.एम. हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

सैनिक स्कूल मंदसौर में जोश व उत्साह के साथ मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। सैनिक स्कूल मंदसौर में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही जोश व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि विद्या भारती मध्य क्षेत्र मंत्री श्री जितेंद्र सिंह परिहार, विशिष्ट अतिथि कर्नल ज्योति प्रकाश कंपनी 5 एमपी एनसीसी बटालियन व भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारीख द्वारा किया गया। सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेटस द्वारा ध्वज को सशस्त्र सलामी दी गई। घोष व परेड ने सम्मानित मंच को सैल्यूट करते हुए ड्रिल का प्रदर्शन किया। जोश, शौर्य व पराक्रम से भरपूर कार्यक्रम जिसमें लेजिम प्रदर्शन, पिरामिड, अनेक रेस्क्यू ऑपरेशन दिखाते हुए जय जवान जय

किसान की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि श्री परिहार ने अपने उद्बोधन में विश्व को एक माला में किस प्रकार पिरोया जाए इसके बारे में बात की । विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में संविधान के निर्माण व संविधान में हमारे दायित्व अधिकारों के संबंध में कहा। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सदस्य श्री रविंद्र पांडे, केशव नगर समिति के अध्यक्ष श्री रविंद्र सोहनी, सैनिक स्कूल मंदसौर प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद, कमांडेंट कर्नल एसएम सिंह, बीएडकॉलेज की प्राचार्य योगीता सोमानी, एमपी बोर्ड विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश वसा, सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई के प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, छात्रावास अधीक्षक श्री कमल किशोर गोठी, सैनिक स्कूल मंदसौर की उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड, सैनिक स्कूल मंदसौर की टीम, आचार्य परिवार व कैडेटस उपस्थित रहे।



कृषि उपज मंडी समिति, मंदसौर (म.प्र.)



जिला स्वास्थ्य विभाग
एवं स्टॉफ, जिला मंदसौर (म.प्र.)



जिला वन मण्डलाधिकारी
एवं स्टॉफ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

जिला शिक्षा विभाग
एवं स्टॉफ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

जिला खनिज विभाग
एवं स्टॉफ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

पी.डब्ल्यू.डी. विभाग
एवं स्टॉफ, जिला मंदसौर (म.प्र.)

हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने झंडा वंदन कर ली परेड की सलामी

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। गणतंत्र दिवस जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय राजीव गांधी महाविद्यालय क्रीडा परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने झंडा वंदन किया तथा परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस के जिलास्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती गर्ग द्वारा मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश में उन्होंने कहा की,

प्रिय प्रदेशवासियो, भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ रही है। मध्यप्रदेश ने अपनी विकास यात्रा के अनेक पडाव पार किए हैं। गत एक वर्ष में प्रदेश की प्रगति के लिए जो निर्णय लिए गए हैं, उन्हें प्रदेश के नागरिकों का व्यापक समर्थन मिला है। निश्चित ही यह संतोष का विषय हो सकता है, लेकिन लक्ष्य तो यही है कि मध्यप्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में अन्य प्रदेशों से अग्रणी रहे। प्रदेश में विकास से निर्णायक परिवर्तन हों और हम कह सकें कि यह गण और तंत्र की परिणामः कारी और उत्तरदायी संस्कृति का जीवंत चित्र है। मध्यप्रदेश सच्चे अर्थों में विकास और समानता की दिशा में आगे बढ़ते हुए इस चित्र के रंगों को निरंतर चटख और रेखाओं को अमिट बनाए रखे। हमारा मध्यप्रदेश, देश के भूगोल के केन्द्र होने की पहचान से आगे बढ़कर राष्ट्र के विकास और खुशहाली का नाभि केन्द्र बने, यही हमारा संकल्प है। सभी नागरिकों को एक बार पुनः गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।जय हिन्द - जय मध्यप्रदेश। इस अवसर पर सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, श्री राजेश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी बंशीलाल गुर्जर, श्री नानालाल अटोलिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल , एएसपी श्री गौतम सोलंकी, सहित जिला अधिकारीगण, पार्षदगण व मीडिया प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे। संदेश वाचन के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोडे गए। जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में 12 प्लाटून विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन बॉयज, एनसीसी सीनियर डिवीजन गर्ल्स, एनसीसी पीजी कॉलेज, सैनिक स्कूल, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट स्कूल, एनसीसी जूनियर डिवीजन सेंट थॉमस, स्काउट गाइड एवं रेड क्रॉस कैडेट द्वारा आकर्षक परेड आयोजित की गई। सधी हुई परेड में सीनियर डिवीजन में प्रथम जिला पुलिस बल महिला, दूसरे में एनसीसी सीनियर डिवीजन बॉयज एवं तृतीय जिला पुलिस बल पुरुष को प्रदान किया गया। जूनियर डिवीजन में प्रथम सैनिक स्कूल मंदसौर, दूसरे में एनसीसी सेंट थॉमस तथा तीसरे में एनसीसी शाउमावि क्रमांक 2 को प्रदान किया गया। विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुतियां दी गई। इसमें प्रथम पुरस्कार वात्सल्य पब्लिक स्कूल मंदसौर, दूसरा सेंट थॉमस स्कूल को एवं तीसरा पुरस्कार करणी इंटरनेशनल स्कूल को प्रदान किया गया। नगरी व्यायाम शाला द्वारा मलखंब की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं पर केंद्रित आकर्षक झांकिया भी प्रस्तुत की गयी। झांकियों में प्रथम पुरूस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग को, दूसरा आईटीआई को एवं तृतीय पुरस्कार उद्यानिकी विभाग को दिया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर ने लोकतंत्र सेनानी श्री गोपाल पटवा, श्री सुरेंद्र राठौर, श्री नारायण चौहान, श्री कांतिलाल रुनवाल का शाल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सामान्य नागरिकों एवं विभागों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री जे. के. जैन द्वारा किया गया।

नपाध्यक्ष ने नपा कार्यालय भवन सहित विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रविवार को नगरपालिका परिषद द्वारा मंदसौर नगर में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य कार्यक्रम नगरपालिका कार्यालय भवन पर हुआ जिसमें नपा के सभी सभापतिगण, पार्षदगण एवं अधिकारीगण, कर्मचारीगण शामिल हुए। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण किया और नपा के सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारीगणों को गणमंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, नपा सभापतिगण श्रीमती निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, दीपमाला मकवाना, शांतिदेवी फरक्या, कौशल्या बंधवार, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, पार्षदगण राम कोटवानी (पूर्व नपाध्यक्ष), श्रीमती सुनीता भावसार, श्रीमती रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, बब्बन युसुफ गौरी, माया भावसार, कमलेश सिसौदिया, दीपक गाजवा, भारती पाटीदार, प्रतिभा विक्रम भैरवा, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, पूर्व नपा सभापति रामेश्वर मकवाना, समाजसेवी नरेन्द्र बंधवार, अमन फरक्या, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, युवा नेता राजेश गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि अशोक भावसार, राजेश सोनी ऐरावाला, युसुफ गौरी, अशोक कर्नावट, राकेश भावसार, समाजसेवी कन्हैयालाल सोनगरा, राजाराम तंवर, बंशीलाल टांक, अजीजुल्लाह खान एवं नपा के अधिकारीगण कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। ध्वजारोह अवसरपर नपा कार्यालय भवन पर मिठाई भी बांटी गई।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने सर्वप्रथम प्रातः 6.45 बजे मण्डीगेट, इसके बाद धानमंडी स्थित पम्प हाउस भवन पर भी ध्वजारोहण किया गया। इन दोनों अवसरोंपर कन्हैयालाल सोनगरा, निलेष जैन, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, राकेश भावसार, कमलेश सिसौदिया, दीपक गाजवा, पं. अरूण शर्मा, रविन्द्र पाण्डेय, राजाराम तंवर, अशोक कर्नावट, युसुफ गौरी, सीएमओ सुधीरकुमारसिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने लॉ कॉलेज परिसर में भी ध्वजारोहण किया और विद्यार्थियों को संबोधित भी किया। इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नपाध्यक्ष एवं लॉ कॉलेज की पदेन अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा माल्यार्पण भी किया गया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज ट्रस्ट के सचिव रघुवीरसिंह चुण्डावत, ट्रस्टी डॉ. क्षितिज पुरोहित, प्राचार्य डॉ. विनोद पाटीदार, नपा सीएमओ सुधीरकुमारसिंह, पार्षदगण श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, श्रीमती निर्मला चंदवानी, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, अमन फरक्या, रामेश्वर मकवाना एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण स्टॉफगण भी उपस्थित थे।

नपा उपाध्यक्ष श्रीमती चावला एवं नपा सभापतिगणों ने ध्वजारोहण किया– गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने विद्या विहार वाचनालय भवन पर ध्वजारोहण किया। नपा राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार ने पं. गजा महाराज शॉपिंग काम्पलेक्स भवन एवं जलकार्य सभापति निलेष जैन ने रामघाट परिसर स्थित फिल्टर प्लांट वर ध्वजारोहण किया। दशपुर कुंज उद्यान में स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना एवं कमला नेहरू स्कूल में श्रीमती शांतिदेवी फरक्या ने ध्वजारोहण किया। रामटेकरी सीएमओ आवास परिसर में सभापति रमेश ग्वाला एवं मेघदूत नगर लाइब्रेरी भवन पर श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी ने ध्वजारोहण किया एवं सभी अवसरों पर संबंधित शाखा के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

दशपुर विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। दशपुर विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस को बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री विपिन जी गोयल,श्री विशाल जी गोयल,विद्यालय के प्राचार्य प्रिन्स वी थॉमस द्वारा झंडा वंदन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, जिसमे एकल गीत, समूह गीत, भाषण, कविता, समूह नृत्य आदि शामिल थे।

सर्वप्रथम विद्यालय की छात्रा कुमारी खुशी चौहान द्वारा दिए गए अपने भाषण में भारत की विविधता में एकता पर प्रकाश डाला। विद्यालय की ही छात्रा विधि त्रिवेदी ने एक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी, जिसे सुन पूरा विद्यालय प्रांगण वीर शहीदों की याद में नतमस्तक हो गया। इसी प्रकार विद्यार्थियों द्वारा मिशन मंगल चंद्रयान-3 एवं देशभक्ति से ओतप्रोत एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने काफी सराहा। विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में भारत की आत्मा संविधान के बारे में कुछ रोचक तथ्य बताए कि मानव शरीर में जो स्थान हृदय का होता है वही स्थान भारत में संविधान का है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिमप्रसाद शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्रा कु.लब्धि जैन, मंतशा खान, रिद्धि जैन एवज केहर्षिता रायकुंवर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन छात्रा निरल खाबिया द्वारा किया गया।

श्री सांई पब्लिक स्कूल दलौदा में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया

दलौदा, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। श्री साँई पब्लिक स्कूल, दलौदा में भारत का 76वां गणतंत्र दिवस बडे ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का पर्व राष्ट्रीय पर्व है, जिसमें सभी धर्म, जाति, लिंग, संप्रदाय के लोग आपस में मिलजुल कर प्रेम और सद्भाव के साथ 26 जनवरी मनाते हैं।

यह दिन सभी भारतवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन सन् 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था और हमारा भारत देश लोकतंत्रात्मक एवं धर्मनिरपेक्ष गणराज्य बना था। इस अवसर पर श्री साई पब्लिक स्कूल,दलौदा में खेल का मैदान देशभक्ति के जोश और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गोपाल कृष्ण पाटिल (सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), विशेष अतिथि श्री सिद्धार्थ तिवारी जिला न्यायाधीश (विधिक सहायता केंद्र) उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को देश की आजादी में देशभक्तों की कुर्बानी याद दिलाई और इस गणतंत्र दिवस के दिन भारत का मोल विद्यार्थियों को समझाया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से परिपूर्ण गीत, नृत्य एवं संविधान के अनुच्छेद पर भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा समिति सचिव मोहम्मद हनीफ, संचालक श्री मोहसिन अख्तर, प्राचार्य श्री मनोज कुमार शर्मा, प्राथमिक प्रभारी श्रीमती गोसिया मंसूरी शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुश्री पूजा चौहान एवं शिक्षक श्री हितेश शर्मा ने किया एवं आभार श्री मनोज कुमार शर्मा ने माना।

आम आदमी पार्टी ने किया गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। आम आदमी पार्टी कार्यालय मंदसौर पर संगठन ने ध्वजारोहण किया एवं देश की आजादी में शहीद हुए महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा वंदन में आम आदमी पार्टी के लीगल प्रदेश सहसचिव गंगाराम पाटीदार, जिला अध्यक्ष यशवंत धाकड, जिला सचिव विकास अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रकाश दोसावत, सहसचिव इस्माइल शाह, सत्यनारायण रेबारी, किशोर पाटीदार, धर्मेंद्र नायक, मयंक परमार, जाकिर हुसैन आदि साथीगण उपस्थित रहे। इसमें कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

सुशासन भवन में कलेक्टर ने किया झंडा वंदन

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सुशासन भवन में झंडा वंदन किया किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला भाजपा कार्यालय पर हुआ झण्डावंदन

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर जिला भाजपा कार्यालय पर 26 जनवरी 25 को भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण अनिल कियावत, मुकेश काला, सुषमा आर्य की गरिमामयी उपस्थिति में झण्डावंदन किया। झण्डावंदन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहां कि आज हम सब गणतंत्र दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमारे देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है, जब हमारा देश 1950 में एक गणराज्य बना था। हमारा देश भारत एक महान देश है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है। हमारे देश में विभिन्न धर्मों, जातियों और संस्कृतियों के लोग रहते हैं, लेकिन हम सभी एक ही देश के नागरिक हैं। हमारे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमें अपने देश के प्रति वफादार रहना होगा। हमें अपने देश की सेवा करनी होगी और उसकी रक्षा करनी होगी। आइए हम सब मिलकर अपने देश के लिए काम करें और उसे एक महान देश बनाएं। झण्डावंदन के इस कार्यक्रम में भाजपा भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा जिला पदाधिकारीगण राजेश पालीवाल, राजु चावला, राजकुमार गुप्ता, पारस मावर, अंकित सोनी, निलेश जैन, सुभाष गंगवाल,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, विजय सुराणा, राम कोटवानी, अजीजुल्लाह खान, विनय दुबेला, अरूण शर्मा, कपिल भंडारी, तेजपालसिंह धाकडी , जीवन शर्मा, योगेश गुप्ता, नम्रता चावला, आशीष गुप्ता, भगवानसिंह शक्तावत, सुनिल योगी, निर्मला, कोश्ल्या बंधवार, सुनिता भावसार, शांति फरक्या, गरिमा भाटी, विधा कडोतिया, प्रेमलता मिण्डा अर्चना गुप्ता, भारती पाटीदार, दीपक गाजवा, रमेश ग्वाला, सत्यनारायण भांभी, पुष्पेन्द्र भावसार, कमलेश सिसौदिया, संध्या शर्मा, दलपतसिह डांगी, अरविंद नवले, प्रेमलता मिंडा, अफजल शाह, खुबचन्द्र पहलवान, राकेश भावसार, राजेश मंडवारिया, उमेश पारीख, सुनील जैन, घनश्याम खत्री, प्रदीप सोनी, राजु अखेरिया, अशोक मारु सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

शराब और नशे से मानव जीवन दुखमय बन रहा है-कनेसरिया

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा नशा निषेध विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रमेश कनेसरिया ने कहा कि शराब और नशे से मानव जीवन दुखमय बन रहा है। नशा अनेक रोगों का कारण है। पाचन तंत्र रक्तचाप असंतुलन, हृदय रोग, पक्षाघात, लीवर, किडनी, कैंसर जैसे घातक रोग शराब, तंबाकू, अफीम, अफीम से बने पदार्थों कें नशे से होते है।सडक दुर्घटनाओं और अकाल मृत्यु के मामलों में भी नशे की भूमिका रहती है। आपने कहा कि नशे की बुरी आदत से छूटकारे के लिये बहुआयामी प्रयासों की आवश्यकता है। श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि नशे की बुराई को बुराई मानने से ही इससे मुक्ति के लिये संकल्प व प्रयास संभव है। आपने कहा कि नशे से स्वास्थ्य, धन और प्रतिष्ठा चली जाती है। नई पीडी को प्रारंभ से ही नपशे के दुष्परिणामों से अवगत होना जरूरी है। सरकार को शराब से जितनी आय होती है। उससे अधिक व्यय शराब जन्म रोगों, अपराधों और गरीबी, भूखमरी जैसे दोषों से निपटनें में खर्च करना पडता है। हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने कहा कि शराब की बुराई व्यापक रूप धारण कर रही है। कई नये नशे भी प्रचलन में है। इनसे मुक्ति के प्रयास जरूरी है। श्री यशवंत प्रजापति, श्री आयुष मोदी श्री राजकुमार जसवंत, श्री सत्यनारायण भूरिया, श्री विनोद चौबे ने भी विचार, गीत, भजन प्रस्तुत किये। श्री भेरूलाल पटेल, श्री प्रदीप माथुर, श्री शांतिलाल सोनी, श्री धर्मेन्द्र चौहान, श्री अजीत नाहर, श्री वल्लभ बघेरवाल, श्री लक्ष्मीनारायण कोठारी, श्री बालकृष्ण दवे ने संवाद में सहभागिता की। संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन श्री निरंजन भारद्वाज ने किया।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर किया झंडा वंदन

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व हर्ष उल्लास एवं उत्साह के साथ कांग्रेस कार्यालय पर समारोह पूर्वक मनाया गया। सुबह सबसे पहले सभी कांग्रेस जन अनुशासन के साथ कतार बध होकर आजादी के नारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के बाद जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर प्रातः 8.30 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने झण्डा वंदन किया। इस अवसर पर श्री जैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन कर देश व प्रदेश में खुशहाली व अमन चैन की कामना कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मागांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी कांग्रेस जन ने। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ जन, महिलाएं,पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ता गण शीत लहर व भरी ठंड होने के बावजूद बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्णा पाटिल,श्रीमती पुष्पा भारती ,प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री महेंद्र सिंह गुर्जर,सोमिल नाहटा,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, मनजीत सिंह टुटेजा, जिला पदाधिकारीयो में सर्वश्री कांतिलाल राठौर,तरुण खींची,अजय लोढा,के के सिंह भाटी, राजनारायण लाड,आसिफ छिपा,विश्वास दुबे, संजय नाहर, माजिद चौधरी, सकलेन करार,लक्ष्मण मेघनानी, हाजी रशिद खान, योगेश जोशी, साबिर इलेक्ट्रीशियन,राजेश फरक्या, मुर्तुजा घडियाली ,सुदर्शन सिंह शक्तावत,मोर्चा संगठन के पदाधिकारी में सर्वश्री सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवडा,अजजा विभाग के जिला अध्यक्ष रमेश सिंगार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनीस मंसूरी, पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष यूनुस मेव, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश सोलंकी,पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष साबिर मदारी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष गण में सर्वश्री डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर, विकास दशोरा, कार्यवाहक अध्यक्ष गण में सर्वश्री सलीम खान, घनश्याम कुमावत ,महिला नेत्रियों में सुश्री इष्ट भाचावत,रफत पयामी,अंजू तिवारी, अनीता भदोरिया,वर्षा सांखला,योगिता बैरागी,मंडलम,सेक्टर अध्यक्ष गण में सर्वश्री रमेश ब्रिजवानी ,दशरथ सिंह राठौड, पंकज जोशी,शुभम कुमावत,अजय सोनी, सेक्टर अध्यक्ष महेश गुप्ता, सादिक गोरी, सागर अंसारी, प्रीतम पंचोली, घनश्याम लोहार, साथ ही इस अवसर पर गोपाल सिंह गुर्जर,अजीत नाहर,महेश आर्य ,दीपक बसेर,श्री चंद भावनानी,दुर्गेश चंदेल, सोहेल कुरेशी ,रवि विनायका, घनश्याम चौहान,राकेश सेन,कान्हा सेन,भाविक संचेती, अक्षय सेठिया,भेरूलाल कुमावत, कन्हैयालाल कुमावत, देवेंद्र खाबिया, मोहनपुरी गोस्वामी, खालिक शेख आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन खानपुरा मंडल अध्यक्ष रमेश बिजवानी ने किया वही सभी का आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत जिले में 83 हजार आवेदन में से 81 हजार का हुआ निराकरण

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आयोजन किया गया था। अभियान 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चला। आज अभियान का समापन हुआ। जन कल्याण अभियान में प्रत्येक ग्राम पंचायत व शहरी वार्डो में लगाये गये 658 से अधिक शिविरों में लगभग 83 हजार 101 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें 81 हजार 618 आवेदनों का निराकरण किया गया। इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त हितलाभों की स्वीकृतियां एवं सेवाएं समय समय पर अभियान के दौरान शिविरों में दी गई हैं तथा शेष स्वीकृतियां / सेवाओं/ हितलाभ वितरण हेतु सोमवार को शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर हितलाभ/सेवाएं प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम सांवेर, जिला इंदौर में आयोजित किया गया। हितलाभ वितरण/ स्वीकृति पत्र/सेवाओं के वितरण की कार्यवाही प्रत्येक ग्राम पंचायत/शहरी वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाए। जिसे सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय वार्डों में देखा और सुना गया।

कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ किया विशेष मध्यान्ह भोजन

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने ग्राम लदुसा में शासकीय स्कूल में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में भाग लिया। सबसे पहले उन्होंने सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस की बहुत सारी शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान श्री राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एएसपी श्री गौतम सोलंकी, बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी, ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे। स्कूली बच्चों को उद्बोधन देते हुए कहा कि बच्चे अपनी पढाई पर विशेष तौर पर ध्यान दे। पढाई के माध्यम से ही एक अच्छे भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। अच्छी पढाई करने से अच्छे-अच्छे पदों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश को आजादी प्राप्त कराने में बहुत सारे शहीदों का योगदान है। उनके दिए हुए बलिदान को हमें कभी भी नहीं भूलना चाहिए। आज उन्हीं शहीदों की बदौलत है कि हम लोग खुली सांस ले पा रहे हैं।

मंदसौर मंडी भाव

उपज	आवक बोरी में	न्यूनतम	अधिकतम
मक्का	69	2122	2322
उडद	28	4553	5999
सोयाबीन	6000	3900	4250
गैहु	1822	2800	3100
चना	71	4619	5476
मसुर	74	5401	5971
धनिया	1166	5400	7440
लहसुन	17000	2618	14010
मैथी	722	4000	5801
मुंगफली	1154	3401	4941
अलसी	1270	4100	5901
सरसो	524	4411	5401
तारामीरा	0000	0000	0000
इसबगोल	89	7500	11800
प्याज	9000	500	2120
कलोंजी	4	13900	17300
तुलसी बीज	5	14480	16150
डॉलर	9	4590	8380
तिल्ली	10	9800	10000
जौ	0000	0000	0000
मटरसुखी	1	2881	2811
असालीया	102	3301	10034
चियाबीज	88	12500	14500

उत्तराखंड का नाम इतिहास में हुआ दर्ज...

यूसीसी लागू करने वाला बना पहला राज्य, हलाला, तलाक, बहुविवाह पर रोक

देहरादून, 27 जनवरी। उत्तराखंड ने आज एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आधिकारिक पोर्टल लॉन्च कर इस बात की घोषणा की। इसके साथ ही उत्तराखंड, भारत का पहला राज्य बन गया है जहाँ यूसीसी लागू हुआ है। 27 जनवरी को यूसीसी लागू करने की तारीख पहले से ही निर्धारित थी।

मुख्यमंत्री धामी ने पोर्टल लॉन्च के अवसर पर कहा, आज का दिन न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। इस ड्राफ्ट को बनाने में टीम ने अथक परिश्रम किया है। हमने जनता से किया हुआ वादा पूरा किया है। यूसीसी किसी भी धर्म के विरुद्ध नहीं है, बल्कि इससे राज्य में सभी धर्मों की महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे। यूसीसी से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और हलाला प्रथा, बहुविवाह और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून समाज में समानता लाएगा और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व सुनिश्चित करेगा। यूसीसी का उद्देश्य जाति, धर्म और लिंग के आधार पर व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित कानूनों में एकरूपता लाना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2022 के विधानसभा चुनावों में यूसीसी को एक प्रमुख चुनावी वादा बनाया था। सत्ता में वापसी के बाद मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पहली कैबिनेट बैठक में ही यूसीसी के मसौदे को तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी गई थी।

उत्तराखंड यूसीसी विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप और इनसे जुड़े अन्य विषयों को नियंत्रित करेगा। इस संहिता में सभी धर्मों के पुरुषों और महिलाओं के लिए शादी की समान उम्र, तलाक के आधार और प्रक्रियाओं को निर्धारित किया गया है, जबकि बहुविवाह और हलाला जैसी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 27 मई 2022 को एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने लगभग डेढ़ वर्ष में विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत के आधार पर चार भागों में तैयार अपनी रिपोर्ट 2 फरवरी 2024 को राज्य सरकार को सौंपी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी 2024 को विधानसभा के विशेष सत्र में यूसीसी विधेयक पारित हुआ और एक महीने बाद, 12 मार्च 2024 को राष्ट्रपति ने भी इसे अपनी स्वीकृति दे दी।

नाहरगढ़ के बदमाश जावरा मंदिर में चोरी के मामले में पकड़ाए

जावरा, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। नाहरगढ थाना क्षेत्र के बदमाश रतलाम जिले के जावरा में मंदिर चोरी मामले में पकडाए है। बदमाशों ने जावरा सहित 05 मंदिर में चोरी करना कबूल किया हैं।

जावरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती 05 अक्टूबर 24 को भेरुलाल पिता भगतराम शर्मा उम्र 45 साल निवासी रेवास ने बताया कि नवरात्री का समय होने से आज रात्री मे करीबन 12 बजे पूजा अर्चना कर मंदिर का दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया था। मुझे करीब पौने 5 बजे सुबह मेरे गांव के कन्हैयालाल पाटीदार ने आवाज लगा कर जगाया और बोला कि अम्बे माता मंदिर के गेट के ताले टुटे हुए है। जब हमने देखा तो अम्बे माता मूर्ति से एक चांदी का मुकुट 2 किलो, एक चांदी का हार 400 ग्राम, एक जोड चांदी के पाइजेब 300 ग्राम, एक जोड सोने के टाप्स 10 ग्राम, एक सोने का हार 20 ग्राम तथा एक सोने की नथ 10 ग्राम नही मिले। कोई अज्ञात बदमाश मंदीर के मेन गेट का ताला एवं गर्भ गृह का ताला तोड कर अंबे माता मूर्ति से सोने के 4 तोला एवं चांदी के आभुषण करीबन 2 किलो 700 ग्राम चुरा कर ले गए है। जिसकी थाने पर एफआईआर करवाई।

पुलिस ने चोरी गये मश्रुका की तलाश घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज, सायबर सेल की मदद से साक्ष्य एवं संदिग्धो की फोटो के आधार पर गांव-गांव में अज्ञात आरोपियो की तलाश की गई, जो तलाश के दौरान थाना नाहरगढ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियो की संलिप्तता पाई जाने की आशंका पर थाना नाहरगढ व्दारा गिरफ्तार किये आरोपी अशोक पिता कंवरलाल बाछडा

उम्र 48 साल निवासी ग्राम खुटी थाना नाहरगढ जिला मन्दसौर, दीपक उर्फ माधु पिता कचरुलाल मालवीय जाति बाछडा उम्र 32 साल निवासी ग्राम काल्याखेडी थाना नाहरगढ जिला मन्दसौर, विकास पिता कचरुलाल बाछडा उम्र 21 साल निवासी ग्राम काल्याखेडी थाना नाहरगढ जिला मन्दसौर को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई। आरोपी अशोक बाछडा ने अपने साथी दीपक उर्फ माधु बाछडा, विकास बाछडा के साथ मिलकर ग्राम रेवास में अम्बे माता मन्दिर आकर घटना करना स्वीकार किया। आरोपी से मन्दिर में चोरी किये जेवर जप्त किये गये। गिरफ्तार आरोपियो ने रतलाम जिले के थाना बडावदा, थाना पिपलोदा, थाना नामली में अन्य 05 जगह भी मन्दिर में चोरी करना स्वीकार किया है। संबंधित थाने को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया। जिसने निम्न थाने के अपराध मे संलिप्तता होना पाई गयी।

सभी पंचायतों एवं नगरीय वार्डो में तीन-तीन निक्षय मित्र बनाए जाए-चंद्रा

नीमच, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। टी.बी.मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय निकाय वार्डो में और ग्राम पंचायतों में शासकीय कर्मचारियों के अलावा तीन-तीन जागरूक युवाओं को निक्षय मित्र बनाए। निक्षय शिविरों में मोबिलाईज कर, अधिकाधिक संभावित टी.बी.मरीजों को शिविर में आकर एक्स रे एवं खंखार की जाँच करवाने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीणों को टी.बी.रोग के लक्षणों की जानकारी देकर, निक्षय शिविरों का मुनादी व नगरीय क्षेत्रों में कचरा वाहनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच से वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए तीनों एसडीएम, जनपद सीईओ एवं बीएमओं की बैठक में टी.बी.मुक्त 100 दिवसीय निक्षय अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए।

कलेक्टर ने जनपद सीईओ और एसडीएम को निक्षय अभियान सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा, कि उनके क्षेत्र में आयोजित होने वाले निक्षय शिविरों में मोबिलाईजेशन के कार्य में मैदानी अमले के साथ ही सरपंचों का भी सहयोग लिया जाए। कलेक्टर ने सभी बीएमओ को निर्देश दिए कि वे निक्षय शिविरों में टी.बी.की जॉच के लिए हेण्ड होल्डिंग, एक्सरे मशीन का अधिकाधिक उपयोग करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि निक्षय शिविरों में जॉच में पॉजिटीव पाये जाने वाले सभी रोगियों को टी.बी.की दवाईयाँ उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही उन्हें फूडबॉस्केट भी प्रदान करें। बैठक में बताया गया, कि अब तक नीमच जिले में 360 संभावित टी.बी.रोगी चिन्हित किए गए है और 486 फूड बास्केट भी वितरित किए जा चूके है। अब तक जिले में इस अभियान के तहत 6200 से अधिक संभावित रोगियों के एक्सरे किए जा चूके है। बैठक में बताया गया, कि 28 व 29 जनवरी 2025 को जावद क्षेत्र के ग्राम चावंडिया एवं 28 जनवरी को मनासा क्षेत्र के सोनडी, जोडमी, नाली एवं बुरावन ग्राम में निक्षय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। निक्षय मित्र बनने के लिए निक्षय मित्र का नाम, मोबाईल नम्बर, ई-मेल आईडी एवं पते की आवश्यकता होती है। कोई भी निक्षय मित्र बनने के लिए https://community support.nikshay.in पर जाकर संबंधित जानकारी दर्ज कर निक्षय मित्र बन सकता है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव भी उपस्थित थे।

मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला सम्मेलन एवं कार्ड वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

मनासा, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का नव वर्ष मिलन समारोह एवं कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 27 जनवरी सोमवार को मनासा तहसील मुख्यालय पर नवनिर्मित पंडित अटल बिहारी वाजपेई सभागृह में सम्पन्न हुआ। जिसमें मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ नीमच जिला इकाई से जुडे हुए सभी पत्रकार बंधु नव वर्ष मिलन समारोह में पहुंचे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मंच पर संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष डाक्टर प्रितिपाल सिंह राणा जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष चैन सिंह सोलंकी महासचिव अविनाश जाजपुर प्रांतीय पदाधिकारी कैलाश राठौर नगर पालिका अध्यक्ष सीमा अजय तिवारी समाजसेवी प्रद्युमन मारू तहसील अध्यक्ष हेमंत शर्मा वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद रामावत सहित जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश मालवीय मंचाचीन रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन ने अपने विचार पत्रकारों के बीच साझा किये जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि अपने आपसी राग द्वेष भूलकर पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए एक झंडे के नीचे रहे एकता में बहुत ताकत होती है। सामूहिक एकता से ही किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आपने कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा करने वाला संगठन मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संगठन ही है। कार्यक्रम में बोलते हुए संभागीय अध्यक्ष प्रितिपाल सिंह राणा ने वर्तमान समय में पत्रकार को ही पत्रकारिता की कटती काटने में लगे हुए होने कि बात कही आपने कहा पत्रकारों को अपने सम्मान के लिए पहले स्वयं एकत्रित होना पडेगा ऐसे विचार पत्रकारों के बीच रखें अतिथि उद्बोधन में डॉ सीमा अजय तिवारी ने कहा कि किसी नगर के विकास में पत्रकारों का अहम रोल होता है मनासा के विकास में भी पत्रकार अहम भूमिका निभा रहे हैं समाज सेवी अजय तिवारी ने भी बहुत ही सार गर्भित उद्बबोधन दिया। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में बोलते वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद रामावत ने वर्तमान की पत्रकारीता पर जमकर कटाक्ष किए ओर अच्छे ओर सच्चे पत्रकार बनने की बात कही। कार्यक्रम में जिले के मनासा रामपुरा कुकडेश्वर सिंगोली जीरन रतनगढ नीमच जावद मोरवन डिकेन खोर नयागांव सहित विभिन्न नगरी एवं ग्रामीण अंचलों से आए हुए मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ के पत्रकारों ने शिरकत की कार्यक्रम का सफल संचालन यशवंत राठौर ने किया एवं आभार व्यक्त संजय व्यास द्वारा व्यक्त किया गया अंत में सभी पत्रकार साथियों का कार्ड वितरित किए गए एवं अंत में सभी पत्रकार साथियों का स्नेह भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया उक्त सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन ने सभी पत्रकार साथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा पुस्तक का विमोचन भी किया गया। सेवा निवृत्त जिला जनसंपर्क अधिकारी बृज नेहरू पाटीदार की लिखी पुस्तक रिश्ते की राहें का विमोचन भी अतिथियों ने किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

पिपलियामंडी, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। रेलवे ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद रेफर कर दिया। दुर्घटना शाम 6 बजे करीब बाइक (एमपी 14 एनजी 1889) पर सवार खाखरियाकला (झालावाड) निवासी श्रवणसिंह (40) पिता विजयसिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, सिर पर चोंट लगने से वह घायल हो गया। दुर्घटना के दौरान गुजर रहे किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने प्रवीण बुनकर व अन्य लोगों की मदद से अपने वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। बताय गया श्रवणसिंह गांव चावली आया था।

पार्षद पति व नेता प्रतिपक्ष के बीच मारपीट

पिपलियामंडी, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद् परिसर में नेता प्रतिपक्ष व पार्षद पति के बीच मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार रविवार को गणतंत्र दिवस पर सभी एकत्रित हुए थे, इसी दौरान किसी नामान्तरण प्रकरण को लेकर नेता प्रतिपक्ष सरफराज मेव व पार्षद पति कमल उर्फ टोनू तिवारी के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई चोकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया पार्षद पति तिवारी की रिपोर्ट पर सरफराज मेव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

ब्युटी पार्लर, सिलाई एवं कम्प्युटर अकांउटिंग के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण रजिस्ट्रेशन कल तक होंगे

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। निर्देशक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के श्री महेशचन्द्र अग्रवाल द्वारा बताया गया की 20 जनवरी 2025 से 29 जनवरी 2025 तक महिला ब्युटी पार्लर, सिलाई, कम्प्युटर अकांउटिंग के रजिस्ट्रेशन किये जायेंगे। पर्याप्त संख्या में रजिस्ट्रेशन प्राप्त होने पर ही बैच प्रारंभ कि जायेगी।

जिन ग्रामीण अंचल युवतियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच है उनकों प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक, प्रशिक्षण सामग्री, आवास, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था नि: शुल्क रहेगी और बैंकिग संबंधी सभी जानकारीयॉ दी जायेगी। प्रशिक्षणार्थी 2 नये पासपोर्ट साईस फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एवं राशन कार्डकी छायाप्रति केसाथ आवेदन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास, मन्दसौर मे जमा करा सकते है। संस्थान मे संपर्क सुबह 10:00 से शाम 5:30 बजे तक व्यक्तिश: एवं अन्य जानकारी मोबाईल न. 7999852839, 9111858590, 8435806297, 9589720982, 8619685744 पर भी प्राप्त कर सकते है।

जनमानस के कष्टों को मिटाने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है-सांसद गुर्जर

लायंस क्लब मंदसौर का 26 जनवरी को निरंतर 50वां नेत्र शिविर सम्पन्न

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। लायंस क्लब सेवा गतिविधियां निरंतर कर रहा है जो सुखद और पुण्य का काम है। जनमानस के कष्टों को मिटाने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पडती है तभी सेवा कार्य पूर्णता प्राप्त करता है। कष्टदूर करने से मानसिक संतोष मिलता है, आत्मसंतोष होता है। परमात्मा की सृष्टि में कई सारी अच्छी व्यवस्थाएं है, फिर भी कुछ अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिये आप जैसी समाजसेवी संस्थाएं और सरकार कार्य करती है। आपकी अन्तर्राष्ट्रीय लायंस क्लब जैसी श्रेष्ठसंस्था उसमें पूर्ण रूप से सहयोग कर उचित व्यवस्था बनाती है।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने लायंस क्लब मंदसौर के 50वें (स्वर्ण जयंती वर्ष) के नेत्र शिविर में प्रकट किये। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में किसी को आई दिक्कत को समझना, उसे दूर करना यह हमारा मानवता के नाते प्रथम धर्म है जो आपका क्लब इस कर्तव्य को निभाता है। मनुष्य को जगमगाता दिखाई देते देते जब अंधकारमय दृष्टिहो जाती है तब परफेक्ट नेत्रालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मजहर हुसैन जैसे सेवाभावी व्यक्ति सही राह पर जाकर उसके जीवन में पुन: प्रकाश भर देते है। डॉ. मजहर हुसैन को बधाई देते हुए कहा कि लायंस क्लब को 25 वर्षों से आपके नेत्रालय में सेवाएं देते हुए हो गये। यह सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय है। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मजहर हुसैन को उनकी पच्चीस वर्ष की सेवाओं के लिये रजत जयंती वर्ष पर क्लब द्वारा शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मजहर हुसैन ने भी संबोधित किया। पचासवें नेत्र शिविर का संचालन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने किया। आभार लायन सचिव सिद्धार्थ पोरवाल ने माना। इस अवसर पर लायन बलजीतसिंह नारंग, जगदीश चौधरी, सुभाष बग्गा, परमानन्द अग्रवाल, विक्रांत भावसार, प्रवीण राठौड, प्रेमदेव पाटीदार, विकास अग्रवाल, राजेन्द्र पामेचा, अशोक रिझवानी, सौरभ बडजात्या, सुनील तलेरा, आशीषसिंह मण्डलोई, डॉ. के.सी. श्रीमाल, मयूर सुराणा आदि उपस्थित थे।

सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। खेल अधिकारी पीजी कॉलेज श्री राजू कुमार द्वारा बताया कि 24 जनवरी 2025 को उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के खेल कैलेंडर अनुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में आयोजित संभाग स्तरीय सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज मंदसौर की महिला सॉफ्टबॉल टीम ने सहभागिता की। पीजी कॉलेज मंदसौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के 5 खिलाड़ियों का चयन विक्रम यूनिवर्सिटी की टीम में किया गया जो आंध्रप्रदेश में होने वाले अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में सहभागिता करेगी। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, कॉलेज प्राचार्य डॉ जे एस दुबे, एवं अन्य प्राध्यापकों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

आठ खिलाड़ियों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला स्पोर्ट्स ताइक्रांडो एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष श्री सुरेश भाटी ने बताया कि जिला स्पोर्ट्स ताइक्रांडो एसोसिएशन मंदसौर के आठ खिलाड़ियों का राष्ट्रीय ताइक्रांडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है दिनांक 27 से 30 जनवरी को तेलंगाना के हैदराबाद में चार दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्रांडो 40 वी क्योरुगी 13 वी पुमसे प्रतियोगिता होने जा रही है जिसमें मंदसौर जिले के 8 खिलाडी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधि करेंगे। मध्यप्रदेश टीम के हेड इंटरनेशनल रेफरी श्री गौतम जी लश्करी टीम कोच श्री गगन कुमार कुरील, नेशनल रेफरी श्री अतुल जी जाट, श्री विनोद जी कुशवाह रहेंगे।

खिलाड़ी धवल पिता विनय कुमावत, कृष्णा पिता चंद्रशेखर गडिया, साहिल पिता कैलाश बोरीवाल, तुलसी पिता केशव दास बैरागी, सोनू पिता ओमप्रकाश मेघवाल, यश पिता सुनील हीवे ग्वाला , आदित्य पिता ज्ञानेंद्र चैहान, मीतांशी पिता चिन्मय कियावत सभी खिलाडियों के चयन होने पर संस्था संरक्षक श्री एडिशनल एसपी गौतम जी सोलंकी, खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी विजेंद्र जी देवडा, जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र कुमार जी डाबी, अनिल जी कियावत, पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू जी कुमार, शिक्षा विभाग खेल अधिकारी बंशीलाल जी बारीवाल, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश जी भाटी व्यवस्था प्रभारी विजय जी कोठारी, सचिव गगन कुमार कुरील टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम ,सुनील जी हीवे ग्वाला , अशोक जी गहलोत , असलम खान, दिनेश जी चंदवानी, दुर्गेश जी बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश जी सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, कमलेश जी डोसी, शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर, श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

कबीर इंटरनेशनल स्कूल में मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। 'भीमराव की चली लेखनी , दूर हुआ अंधियारा है, सबसे न्यारा सबसे प्यारा, सुसंविधान हमारा है.....।' इसी भावना को ध्यान में रखते हुए कबीर इंटरनेशनल स्कूल गुड्डली, में गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश जी पमनानी, डॉ रश्मि जी पमनानी तथा मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जी परमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया। इसके पश्चात रंगारंग प्रस्तुतियों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया। कक्षा चौथी से छठी तक के छात्र छात्राओं ने योग के माध्यम से अपनी कला को दर्शाया तथा योग की उपयोगिता को बताया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने नाटको के माध्यम से समाज को एकता तथा स्वच्छता अभियान का संदेश दिया। कक्षा नवी के छात्र रुद्र प्रताप ने अपनी कविता के माध्यम से भारत की महिमा की व्याख्या की। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों ने संविधान में व्यक्तियों के मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बारे में समझाते हुए किया ,साथ ही समझाया कि सभी को संविधान की गरिमा को सदैव बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश जी पमनानी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के शिक्षक आसिफ खान द्वारा तैयार की गई और आभार वाइस प्रिंसिपल श्रीमती प्रीति कपूर ने माना।

पटरी पार निवासियों के लिए टेम्पो यूनियन ने की नई सेवा प्रारंभ

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। सोमवार को मंदसौर टेम्पो युनियन अध्यक्ष हिम्मत डांगी पटरी पार निवास कर रहे लगभग दो दर्जन से अधिक कॉलोनीवासियों को परेशानी का हल करते हुए नगर सुविधा की सेवा को प्रारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद आशीष गौड़, सुनिता गुजरिया और सत्यनारायण भांभी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

`टेम्पो यूनियन के अध्यक्ष हिम्मत डांगी ने बताया कि लम्बे समय पटरी पार अभिनंदन नगर, स्नेह नगर सहित लगभग दो दर्जन से अधिक कॉलोनी वासी शहर के बाजारों में आने के लिए समस्याओं का सामना कर रहे थे, क्योंकि रेल्वे पटरी पार से नगर के मध्य में आने के लिए कोई सार्वजनिक साधन नहीं थे। इस मामले को लेकर कई बार यहां के रहवासियों ने जनसुनवाई में भी आवेदन दिये थे। रहवासियों को परेशानियों को समझते हुए टेम्पो यूनियन ने आज से संजीत ओव्हरब्रीज के यहां पर टेम्पो स्टेण्ड बनाकर यहां से सार्वजनिक टेम्पों सुविधा प्रारंभ की है। अब इस सुविधा से अभिनंदन नगर, नवकार गोल्ड, नवकार टाउनशीप, पंचवटी कॉलोनी, मोहन श्री विहार, स्नेह नगर, नंदा नगर, सम्यक डायमंड, जय माणक सहित दो दर्जन से अधिक कॉलोनीवासियों को नगर के मध्य में आने के लिए सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के रहवासी डॉ सुभाष कोठारी, अशोक जोशी, श्यामलाल शर्मा, सरदारसिंह बोराना, अशोकगुर्जर, विकास खाबिया, किशोर सेन, गोवर्धन टेलर, संदीप डांगी, धर्मेन्द्र चौरडिया आदि ने टेम्पों युनियन अध्यक्ष हिम्मत डांगी फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर टेम्पों यूनियन के उपाध्यक्ष भोला दिवान, सचिव फरजन अली, कोषाध्यक्ष अखेर मेव, सदस्य शाकीर मंसुरी, शरीफुद्दीन, अफरोज मेव सहित नगर सुविधा मैजिक के चालकगण उपस्थित थे।

राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 98/2025 दिनांक 25.01.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मंगलेश पिता मथुरालाल, जाति राठौर, निवासी ग्राम पानपुर, तहसील व जिला मंदसौर से आवासीय भूमि सर्वे क्रमांक 882/1/2(बी) भूखण्ड क्रमांक 529 (पी) पटवारी हल्का नं.-00089 पर दर्ज होकर पता ग्राम पानपुर, तहसील व जिला मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड स्वत्व त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी 15आईजीआर 17852025ए100046807, दिनांक 24.01.2025 से मेरे पक्षकार प्रीति पति मंगलेश, जाति राठौर, निवासी-ग्राम पानपुर, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मल्हारगढ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-खुली भूमि, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-मेहताबसिंह का प्लाट, दक्षिण में-गणपतसिंह का मकान , पैमाईश रकबा-50 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक-क्यू मंदसौर, दिनांक-27.01.2025

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जसीम मेव पिता हसन खां झोपड़पट्टी, पिपलियामंडी मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

गलत नाम	सही नाम
हसन खां	गनी मोहम्मद

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in